# आकाशवाणी चंडीगढ़

## 24 अगस्त 2025, समय 1810

### मुख्य समाचार :

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार है।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डबवाली में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत युवा मैराथन में युवाओं को प्रोत्साहित किया।\

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि विपक्ष के पास आज कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

4. मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र में विभिन्न विधेयक लाए जाएंगे। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब दिए जाएंगे।

5. हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल में आयोजित की जा रही अंतरराज्यीय तैराकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया अध्याय है। श्री सिंह ने यह बात नई दिल्ली में गगन यात्रियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कही। इन यात्रियों में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा

ग्रुप कैप्टन शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रशिक्षण में सामान्यतः ढाई वर्ष लगते हैं, लेकिन शुभांशु शुक्ला ने इसे महज ढाई महीने में पूरा कर लिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत क्षमता को तो दर्शाता ही है, भारतीयों की कठिन परिश्रम की प्रवृत्ति को भी परिलक्षित करता है।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने इस अवसर पर एक्सिओम मिशन के अपने अनुभव साझा किये।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन - डीआरडीओ के वैज्ञानिकों, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन- द्वारा एकीकृत हवाई रक्षा शस्त्र प्रणाली का सफल परीक्षण करने पर बधाई दी है। कल ओडिशा तट के पास यह पहला सफल परीक्षण किया गया । इस बहु-स्तरीय स्वदेशी प्रणाली में जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल, कम दूरी की उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली वाली मिसाइल और लेजर-चालित निर्दिष्ट एनर्जी शस्त्र शामिल हैं।

परीक्षण उड़ान के दौरान इस प्रणाली से अलग-अलग दूरी पर स्थित तीन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट किया गया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अलावा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि इस अनूठी प्रणाली की सफलता से देश की बहु-स्तरीय हवाई सुरक्षा क्षमता स्थापित हुई है और इससे देश के रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मजबूत होगी।

**********************************************************

हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आज सिरसा के डबवाली में युवा मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया।
मैराथन में क्षेत्र के नागरिकों विशेषकर युवाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी मैराथन में दौड़ लगाकर युवाओं को प्रोत्साहित किया।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि अलसुबह पांच बजे हाफ मैराथन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके उपरांत 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की मैराथन आयोजित की गई ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा –

उन्होंने कहा कि नशे का जड़-मूल से नाश करने के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार ने नशा मुक्त अभियान को जन आंदोलन बनाया है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त हरियाणा की शपथ भी दिलवाई। मैराथन में क्षेत्र के 35 से अधिक सरपंचों ने भी भागीदारी की और

मुख्यमंत्री ने मैराथन के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

*********************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि विपक्ष के पास आज कोई ठोस मुद्दा नहीं है। जो लोग कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, वे जानते हैं कि उनके शासनकाल में कानून-व्यवस्था कैसी थी।

मुख्यमंत्री आज सिरसा के डबवाली में आयोजित मैराथन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उस समय यदि किसी बेटी के साथ कोई घटना हो जाती थी तो एफआईआर तक भी दर्ज नहीं की जाती थी। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार के समय में पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र में विभिन्न विधेयक लाए जाएंगे। विपक्ष की ओर से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी दिए गए हैं, जिनका सरकार जवाब देगी।संसद में लाए गए एक विधेयक के संबंध में पूछे जाने पर हुए श्री नायब सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि समाज में पारदर्शिता आए और जनता को राजनीतिक दलों व नेताओं पर विश्वास हो।

कालूआना खरीफ चैनल में घग्गर का पानी पहुंचाने से जुड़े प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे नहरों के पुनर्निर्माण का कार्य हो या पानी पहुंचाने की बात हो, सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

****************************************************

हरियाणा भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे "मेरा बूथ सबसे मजबूत" अभियान को गति देने के लिए बल्लभगढ़ में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया –

उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है।संगठन में हर कार्यकर्ता को उसकी योग्यता और मेहनत के आधार पर जिम्मेदारी दी जाती है।

************************************************

हरियाणा के खेल एवं युवा अधिकारिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के बंसी विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित की जा रही अंतरराज्यीय तैराकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। सरकार की खेल नीति के कारण प्रदेश तेज गति से खेलों में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने खिलाड़ियों को जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी।

***********************************************

मोहाली में फेज सात स्थित ब्रह्म कुमारी संस्थान में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंजाब के स्वास्थ्य सचिव बसंत गर्ग और ब्रह्म कुमारी प्रेम लता ने किया । शिविर में 114 यूनिट रक्त दान किया गया।

*************************************************

पलवल में आज न्यू सोहना मार्ग पर ओम शांति योग मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने किया। शिविर में पूर्व विधायक दीपक मंगला विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।शिविर में 50 यूनिट रक्त दान किया गया।

****************************************************

हिसार में आयोजित चार दिवसीय स्वदेशी मेल आज सम्पन्न हो गया। हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा लगाए गए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदमपुर के शिक्षक विनोद कुमार ने कहा बताए aइस मेले का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों द्वारा हाथ से बनाए हुए उत्पाद हर घर तक पहुंचाना था। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए उत्पाद भी इस मेले में प्रदर्शित किए गए।

उन्होंने बताया कि इस चार दिवस से मेले में स्थानीय लोगों का रुझान बहुत अच्छा रहा ।हिसार जिले के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने भी इस मेले में आकर अधिक से अधिक उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मेले में स्टॉल लगाने वाले स्थानीय युवा उद्यमी श्री नारायण ने कहा कि वे शहद का उत्पाद बनते हैं।

**********************************************************